हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 30 जून 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

नशे के खिलाफ महिलाओं का हल्लाबोल
शाम ढलते ही गांव में लगाती हैं गश्त
4



## खबर संक्षेप

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालक पर 10 हजार का जुर्माना

**सक्ती।** शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालक पर 10 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। यातायात पुलिस सक्ती द्वारा बाराद्वार-रिस्दा मुख्य मार्ग पर एनएच-49 में सीजी एचसी 0995 को रोककर चालक अमित पाटिल की जांच की गई। जांच के दौरान चालक के शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए वाहन को जप्त कर प्रकरण न्यायिक मजिस्ट्रेट, सक्ती न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। धारा 185 के तहत दोषी पाते हुए दस हजार रुपये अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

# सड़क की बदहाली से तंग आकर ग्रामीणों ने शुरू किया आमरण अनशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगाकोहरौद

डोंगाकोहरौद सड़क की बदहाली से तंग आकर ग्रामीणों ने नवनिर्माण की मांग को लेकर सोमवार से आमरण अनशन शुरू कर दिया है। पामगढ़ से डोंगाकोहरौद के बीच साढ़े तीन किमी की सड़क इतनी बदहाल है कि बरसात में एक कदम चलना भी दूभर होता है। लगातार मांग के बाद भी सड़क की स्थिति नहीं सुधरने से आखिरकार ग्रामीणों ने आंदोलन शुरू कर दिया है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले से बलौदा बाजार जिले को जोडने वाले मार्ग के नवनिर्माण को लेकर लंबे समय से क्षेत्र में मांग की जा रही है। यह मार्ग पामगढ़, भिलौनी, ससहा, लाहौद, बलौदा बाजार होते हुए राजधानी रायपुर को जोड़ने वाली यह मुख्य सड़क है। डोंगाकोहारौद की 3.74 किलो मीटर अधूरी सड़क के कारण इस मार्ग पर आवागमन आसान नहीं है। सड़क पर बडे बड़े गड्ढे हो गए है। बरसात में कीचड़ से सराबोर सड़क पर एक कदम भी चलना काफी कठिन होता है। ऊपर से भारी वाहनों की आवाजाही से हादसों का डर भी बना रहता है। सड़क के नवनिर्माण व भारी वाहनों की आवाजाही रोकने की मांग लंबे समय से की जा रही है। इसी कड़ी में 24 जून को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन के माध्यम से धरना प्रदर्शन एवं अनशन की चेतावनी दी गई थी। इस बीच सड़क निर्माण की दिशा में भी कोई पहल नहीं हुई । वहीं भारी वाहनों की आवाजाही भी नहीं रूकी। ऐसे में ग्रामीणों ने 29 जून को आमरण अनशन शुरू कर दिया। पहले दिन 10 अनशनकारी हेमंत चौबे, पुनिराम पटेल ,पंकज कुमार कौशिक, अनिरुद्ध कुमार श्रीवास , पुनीराम कश्यप, रामशरण कौशिक, मैन कुमार पटेल, हरीश कुमार कश्यप, फुलेश्वर कौशिक, भरत यादव अनशन पर बैठे। ग्रामीणों के समर्थन के बीच अनशन स्थल में अपनी मांग को लेकर आवाज बुलंद की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्रीय जनता सड़क की मांग को लेकर भूखे-प्यासे हड़ताल पर बैठे है। वहीं जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि और अधिकारियों को जनता की समस्या से कोई सरोकार नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक मांग पूरी नहीं होती, तब तक अनशन जारी रहेगा। प्रतिदिन आंदोलन स्थल पर 10 ग्रामीण बिना अन्न, जल के अनशन पर बैठेंगे।

### डोंगाकोहरौंद में साढ़े तीन किमी के मार्ग पर चलना दूभर




### चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

ग्रामीणों में अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों के प्रति भी नाराजगी है। लंबे समय से सड़क की बदहाली झेल रहे ग्रामीणों ने अब चुनाव बहिष्कार का भी मन बना लिया है। ग्रामीणों ने मांग पूरी नहीं होने पर लोकसभा, विधान सभा एवं पंचायत चुनावों के बहिष्कार की चेतावनी दी है। ग्रामीणों डोंगाकोहारौद सड़क नव निर्माण के लिए आमरण अनशन पर बैठे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी उनकी समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे है।

### 120 करोड़ खर्च होने के बावजूद नहीं बुझ रही प्यास

# लागत बढ़ने और मियाद खत्म होने के बाद भी जल आवर्धन का काम अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



जल आवर्धन योजना के तहत बना इंटकवेल तथा इंसेट में पाईप लाइन विस्तार के लिए की गई खुदाई।

नगरवासियों की प्यास बुझाने शुरू की गई जल आवर्धन योजना के काम की मियाद पूरी हो चुकी है। इसके बाद भी अभी तक परियोजना का काम आधा ही हो सका है। इधर योजना की लागत राशि भी 100 करोड़ से बढ़कर 120 करोड़ जा पहुंची है। इसके बावजूद अभी भी मोहल्लों में पाईप लाइन विस्तार का कार्य नहीं हो सका है। ऐसे में जनता अभी भी पानी के लिए तरस रही है।

केन्द्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी जलावर्धन योजना सक्ती नगर में कछुआ गति से हो रहा है। जिसके चलते शहरवासियों की दिक्कतें बढ़ गई है। लगभग 5 वर्ष पूर्व सक्ती नगर की जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू हुई यह योजना आज तक अधूरी है। नतीजतन, चिलचिलाती गर्मी हो या आम दिन, नगर के नागरिक आज भी पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसने को मजबूर हैं। विभागीय सूत्रों और स्थानीय आंकड़ों के अनुसार, यह पूरी योजना शुरुआत में लगभग 100 करोड़ रुपये की थी, लेकिन समय पर काम पूरा न होने और लेटलतीफी के कारण योजना की लागत बढ़कर अब 120 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। ठेकेदार की सुस्ती की वजह से शासन के खजाने पर 20 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ चुका है, जो सीधे तौर पर जनता के टैक्स के पैसे की बर्बादी है। ठेकेदार को इस योजना का काम हर हाल में 30 जून तक पूर्ण कर नगरवासियों के घरों तक पानी पहुंचाना था लेकिन अभी भी पाईप लाइन विस्तार जेसे महत्वपूर्ण कार्य अधूरे है। शहर की सड़कें पाइपलाइन बिछाने के नाम पर खोद कर छोड़ दी गई हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है, लेकिन जनहित के इस बड़े प्रोजेक्ट को लेकर ठेकेदार और संबंधित अधिकारी गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। सक्ती नगर के आम नागरिकों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि 5 साल का लंबा वक्त बीत जाने के बाद भी उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिलना प्रशासन की नाकामी को दर्शाता है। नगरवासियों ने शासन-प्रशासन से ठेकेदार के खिलाफ तत्काल कड़ी और दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। इस परियोजना में शासन के 120 करोड़ खर्च हो चुके है। इसके बावजूद काम आधा अधूरा पड़ा है। ऐसे में जनता को जल आवर्धन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नल से पानी के इंतजार में इस बार की गर्मी भी बीत गई। जल आवर्धन का काम पूरा नहीं होने के कारण नगरवासियों को शुद्ध पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

#### दिए है निर्देश

जल आवर्धन योजना के तहत शहर में पाईप लाइन बिछाने सहित अन्य कार्य किए गए है। कार्य की गति बढ़ाने ठेकेदार को निर्देशित किया गया है। लापरवाही बतरने पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

-प्रहलाद पांडे,
सीएमओ
नगर पालिका सक्ती

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक की मौत, दूसरा गंभीर

**जांजगीर-चांपा।** चांपा-कोरबा मार्ग स्थित ओवरब्रिज पर सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है, जहां उसका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिर्रा-कोरबा मार्ग पर कोरबा की ओर जा रहे दो लोगों को एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कोसमंदा निवासी विशाल सूर्यवंशी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही चांपा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बीडीएम चांपा भेज दिया गया है।

### सीएम ने भाजपा नेता को अर्पित की पुष्पांजलि...



**चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार 29 जून को अपरान्ह 4.15 बजे देवांगन धर्मशाला पहुंचे, जहां उन्होंने नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रतिष्ठित कोसा व्यवसायी स्व. बंशीलाल देवांगन को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके परिजन से भेंट कर अपनी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान स्व. देवांगन के ज्येष्ठ सुपुत्र चंद्रशेखर देवांगन सहित नगर के भाजपा नेता, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

## आंबा की छत का गिरा प्लास्टर, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हाथीटिकरा के आंगनबाड़ी केन्द्र के छत का प्लास्टर अचानक गिर गया। इस दौरान वहां बच्चे मौजूद नहीं थे। इस वजह से बड़ा हादसा टल गया।

ज्ञात हो कि नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत हाथीटिकरा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-1 लंबे समय से जर्जर अवस्था में है। भवन की दीवारों में दरारें हैं और छत व छज्जे की हालत भी बेहद खराब है। कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी देने के बावजूद अब तक भवन की मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सोमवार 29 जून की सुबह छत के प्लास्टर का एक बड़ा हिस्सा भर भराकर गिर गया। जिस वक्त यह हादसा हुआ उस समय केवल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका ही केन्द्र में पहुंचे थे। आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चे इस हादसे के बाद आंगनबाड़ी पहुंचे। अगर बच्चों की उपस्थिति में छत का प्लास्टर गिरता तो बडा हादसा हो सकता था।



फर्श पर पड़ा प्लास्टर का मलबा।

### हाइवा की चपेट में आकर युवक की मौत ओव्हरलोड वाहनों पर कार्रवाई की मांग

**जांजगीर-चांपा।** हरदी भैंसतरा मार्ग में हाइवा की चपेट में आने के दौरान एक युवक की मौत हो गई। इसे लेकर ग्रामीणों ने ओव्हरलोड वाहनों पर कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार 28 जून की रात ग्राम हरदी निवासी प्रमोद सोनवानी को हाइवा ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसके चलते युवक की मौत हो गई। इसे लेकर ग्रामीणों ने इस मार्ग पर ओव्हरलोड वाहनों पर कार्रवाई की मांग की है। घटना को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है।


### व्यवस्था सुधार नहीं होने पर नगरवासियों ने आंदोलन की दी चेतातनी

## इंसुलेटर ने बढ़ाई मुसीबत, हल्की हवा एवं बूंदाबांदी से बिजली सेवा बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

शहर में लगाए गए इंसुलेटर में आए दिन खराबी आ रही है। जिसके कारण बिजली कटौती हो रही है। खास बात यह है कि हल्की बूंदाबांदी एवं हवा के चलते बिजली बंद कर दी जा रही है। जिसके चलते लोगों की दिक्कतें बढ़ गई है। जल्द व्यवस्था सुधार नहीं होने पर नागरिकों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

ज्ञात हो कि सक्ती शहर में बिजली विभाग और ठेकेदारों की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। कल क्षेत्र में हुई हल्की हवा-आंधी और बूंदाबांदी के बाद शहर की बत्ती पूरी तरह गुल हो गई। आलम यह रहा कि नागरिकों को लगभग सात घंटे तक बिना बिजली के अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ा। स्थानीय सूत्रों और नागरिकों से मिली जानकारी के अनुसार, बिजली विभाग के ठेकेदार द्वारा शहर में बेहद घटिया क्वालिटी के इंसुलेटर और अन्य उपकरण लगाए गए हैं। यही वजह है कि मौसम में थोड़ा सा भी बदलाव होने पर या मामूली हवा चलने पर भी इंसुलेटर खराब हो जाते हैं। आए दिन होने वाली इस ट्रिपिंग और अघोषित बिजली कटौती के कारण शहर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। घंटों बिजली बंद रहने के कारण इस भीषण गर्मी और उमस में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर व्यापार और घरेलू काम पूरी तरह ठप पड़ रहे हैं। बार-बार शिकायत के बाद भी विभाग द्वारा ठेकेदार के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे सक्ती के आम नागरिकों में प्रशासन और बिजली विभाग के प्रति भारी रोष व्याप्त है। नागरिकों का कहना है कि अगर जल्द ही इस घटिया निर्माण कार्य को ठीक नहीं किया गया और बिजली की समस्या से निजात नहीं मिली, तो शहरवासी बिजली दफ्तर का घेराव कर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। अब देखना यह है कि विद्युत विभाग के जिम्मेदार अफसर शहरवासियों की विद्युत व्यवस्था को कितने गंभीर है।



विद्युत सुधार कार्य में जुटा अमला।



# LAKHMI CHAND INSTITUTE OF TECHNOLOGY

LCIT
GROUP OF INSTITUTIONS

**Near High Court, Raipur Road, Bodri, Bilaspur (C.G.)**

**Affiliated to CSVTU & Approved by AICTE**

THINK EDUCATION THINK LCIT

LCIT Group of Institutions

Scan For A Brighter Future

ADMISSIONS OPEN 2026-27

## ONLINE COUNSELLING PHASE - I

| Courses | Registration | Allotment | Admission |
|---|---|---|---|
| B.Tech | 30th June 2026 to 06th July 2026 | 10th July 2026 | 11th July 2026 to 15th July 2026 |

### Courses Offered

**B.Tech**
- CSE
- Civil
- Mechanical
- Electrical
- ET&T
- AI ML*

**M.Tech**
- CSE
- Civil (Environment)

**MBA**
- Human Resource
- Marketing
- Finance
- System
- Production & Operations

**MCA***
- Computer Science

## BILASPUR
Balaji Copiers, Mahamaya Chowk, Kamesh Chandrakar – 9039849285
Sarveshh Classes, Near Natraj Sweets, Sarkanda, Swati Suryawanshi – 8305050793
Budh Online Center, Masturi, Abhay Singh – 8839533390

## JANJGIR
Rohan Dewangan – 7000302399
Virendra Sharma – 7889932588

## RAIGARH
Cyber Home, Near Railway Station, Upesh Kashyap – 8103375133

## RATANPUR
Dream Academy, Near Prachin Kila, Gaurav Jaiswal – 7000370385

## Baloda
Nutan Photocopy, Baloda, Amit Awasthi – 8319985138

## AMBIKAPUR
Vaibhav Awasthi – 8982868880
Anvesh Pandey – 9630115395

## KORBA
Rahul Cyber Café, T.P. Nagar, Ashim Mukharjee – 9179353785

## MUNGELI
Ramanand Computer Centre, Infront of Pashu Chikitsalaya
Prashant Rajput – 7000857466, Nirmal Panigrani – 9993297453

## PENDRA
Speed Computer, In Front Govt. Girls School
Salim Raja – 9340838205
Mukesh Kaushik – 8435264400

## TAKHATPUR
Saurabh Computer, Barela Chowk
Tamradhvaj Vaishnav – 9575916622

## PLACEMENT HIGHLIGHTS

- **265+** Placements During 2024-2026
- **₹3.5 LPA** Minimum Package
- **₹5 LPA** Average Package
- **200+** Total Recruiters

## BEST PLACEMENTS


Saransh Rathore – ₹13.90 LPA – B.Tech CSE – Indian Air Force


Aryan Agney – ₹13 LPA – B.Tech CSE – Dave AI


Soniya Jaiswal – ₹10 LPA – B.Tech CSE – Voyatek


Princy Agrawal – ₹10 LPA – B.Tech Civil – Water Resource Department (WRD)


Riya Kumari – ₹5.5 LPA – B.Tech ET&T – Uber

## OUR PLACEMENT PARTNERS

TCS Tata Consultancy Services, AMNEX, OMNEXIA Technology, Axis Bank, ICICI Bank, ESAF Small Finance Bank, Dave AI, Adani Cement, & Many More

TRANSPORT FACILITY | COMPUTER LABS | EXPERT FACULTY | PLACEMENT ASSISTANCE | HOSTEL: BOYS & GIRLS | AC Labs | Wi-Fi Campus | Digital Classrooms

**+91 96850 91333, +91 95222 20113**

# सेटेलाइट अलर्ट और त्वरित कार्रवाई से इस साल कोरबा वनमंडल में आधी हुई आग की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

गर्मी के सीजन में हर साल जंगल में आगजनी की घटना सामने आती है। इस साल भी जंगल में आगजनी की घटना सामने आयी लेकिन कोरबा वन मंडल में सेटेलाईट अलर्ट और वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्यवाही की जिसके चलते जंगल में आगजनी की घटना लगभग आधे के करीब हो गई। निश्चित तौर पर वन विभाग बेहतर काम करते हुए आगजनी की घटना को रोकने में सफलता हासिल की है। कोरबा वन मंडलाधिकारी प्रेमलता यादव के निर्देश पर इस बार भी जंगल में आगजनी की घटना को रोकने के लिए एसडीओ एसके सोनी व उनकी पूरी टीम ने वन विभाग के सुनियोजित प्रयासों, आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल और जन-जागरूकता के समन्वय से इस वर्ष वन अग्नि की घटनाओं में 46 प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज की है। एसडीओ एसके सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्ष 2025 के अग्नि सीजन में जहाँ कोरबा वनमंडल के अंतर्गत कुल 404 वनाग्नि की घटनाएं सामने आई थीं, वहीं इस वर्ष (2026) कड़े प्रबंधन के चलते यह आंकड़ा सिमटकर मात्र 219 रह गया। वनमंडल अंतर्गत आने वाले सभी छह वन परिक्षेत्रों के संवेदनशील, अति-संवेदनशील एवं मध्यम संवेदनशील क्षेत्रों में विभाग ने आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाने में सफलता हासिल की है।

## वर्ष 2025 में 404 घटनाओं के मुकाबले वर्ष 2026 में 219 प्रकरण दर्ज



### इन रणनीतियों और प्रयासों से मिली बड़ी कामयाबी

एसडीओ एसके सोनी ने बताया कि सैटेलाइट सिस्टम और एसएमएस अलर्ट आधुनिक तकनीक का लाभ उठाते हुए विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के मोबाइल नंबरों को भी सीधे सैटेलाइट सिस्टम से जोड़ा गया। वनाग्नि घटना का अलर्ट मिलते ही तुरंत एसएमएस के माध्यम से सूचना पहुंचाई गई, जिससे त्वरित रिस्पांस संभव हो सका। चौबीसों घंटे वनमंडल स्तरीय एवं परिक्षेत्र स्तरीय स्ट्राइक फोर्स और विभागीय कर्मचारियों की विशेष टीमें गठित की गईं, जिन्होंने दिन और रात के समय लगातार सघन गश्त कर आग की घटनाओं को फैलने से रोका। त्वरित रिस्पांस टीम, संयुक्त वन प्रबंधन समितियों वन अग्नि प्रहरियों और स्थानीय ग्रामीणों के सक्रिय और साझा सहयोग से हर छोटी-बड़ी आग पर तत्काल काबू पाया गया।

## खबर संक्षेप



### ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी में सम्पन्न हुआ कलर बेल्ट एग्जाम 2026

**कोरबा।** जिला कोरबा कराते डू स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आज दिनांक 28/06/2026 रविवार को ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी में जिसमें येलो बेल्ट, ऑरेंज बेल्ट और ग्रीन बेल्ट का एग्जाम सम्पन्न हुआ। जिसमें डीएमसी के कुल 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा उत्कृष्ट प्रतिभावान खिलाड़ियों ने काता,कुमीते,और डेमो फाइट्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य पर्यवेक्षक प्रेमराज बंजारे ( NIS) कोच ब्लैक बेल्ट 3rd डॉन के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश में सम्पन्न हुआ। जिसमें येलो बेल्ट में याशिका राठौर , इच्छा राठौर , वंश राठौर, खुशाल राठौर, तृषा गढ़वाल, गौरांश उरांव, अफीफा फातमा,विभा मिश्रा, आर्यन सिंह, चिन्मय साहू, अंश चंद्रा , समर्थ अग्रवाल, मोनिश कंवर, आराध्या खुंटेश्वर,जहां मानिकपुरी, योहांश जोशी, कृशिका यादव , ऑरेंज बेल्ट - शिवांश सोनी, गौरी कर्ष,यांश कर्ष, अनुप्रीत सिन्हा,ग्रीन फ्रांसिस कुजूर, मो फरहान रजा, संपदा सक्सेना,बेल्ट - जिसमें जिला कोरबा कराते डू स्पोर्ट्स के अध्यक्ष अविनाश बंजारे, उपाध्यक्ष एवं डीएमसी डायरेक्टर अजीत कुमार शर्मा,टेक्निकल डायरेक्टर रूपेश सिंह , सहायक कोच अनुज अग्रवाल,महिला कोच प्रीति चौहान ,देवराज गोगई, अनीश कुमार खरे, हार्दिक दुरेजा, मुस्कान जायसवाल, मो आरिफ, शेन एलेक्स, हर्ष यादव,आदि उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ केवट निषाद समाज ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान



**कटघोरा।** गायत्री धर्मशाला, कटघोरा में केवट समाज कटघोरा द्वारा विद्यार्थी प्रोत्साहन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की शुरूआत इष्ट देव श्री राम के चरणों में समाज के पदाधिकारियों, उपस्थित मातृशक्तियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की सफल शुरुआत की। उपस्थित जिला के पदाधिकारियों का स्वागत इकाई कटघोरा के पदाधिकारियों के द्वारा तिलक लगाकर श्री फल देकर किया गया। अजीत केवट पूर्व जिला अध्यक्ष एवं संरक्षक जिला समिति के द्वारा समाज में एकता के महत्व को बताया गया। अगर समाज में एकता होगी तो हमारा समाज मजबूत होगा ऐसा मार्गदर्शन किया गया एवं मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए ऐसे ही आगे बढ़ते हुए समाज का नाम रोशन करे ऐसा आशीर्वचन प्रदान किया गया। राम कुमार महासचिव बिलासपुर संभाग के द्वारा समाज के लोगों को संबोधित करते हुए सभी पालकों को बधाई दी गई। कार्यक्रम में समाज के कक्षा नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक के 80 प्रतिशत अंक से अधिक लाने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र, कॉपी पेन पेंसिल देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

### छुईहापारा में न्यौता भोजन के साथ हुआ शाला प्रवेशोत्सव



**हरदीबाजार।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा, संकुल कटसीरा विखं कटघोरा में छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के अनुरूप ब्रम्हानंद राठौर प्रधानपाठक के नेतृत्व में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र का पूजन किया गया और सभी नवप्रवेशी 6वीं के छात्रों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं एक सेट गणवेश तथा पेन एवं फूलों के द्वारा सभी बच्चों का हस्त प्रिंट लेकर स्वागत गीत के साथ प्रवेश दिलाया गया। उक्त कार्यक्रम के स्वागत भाषण में प्रधानपाठक ब्रम्हानंद राठौर द्वारा शाला प्रवेशउत्सव के महत्व, विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट, छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा निःशुल्क विभिन्न योजनाओं निःशुल्क शिक्षण, गणवेश वितरण, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, प्रधानमंत्री पोषणशक्ति योजना, सायकल वितरण, छात्रवृति ,कन्या प्रोत्साहन योजना, विभिन्न खेल सामग्री वितरण आदि के बारे में विस्तार से बताया गया और कहा गया कि विद्यालय बच्चों के लिये शिक्षा के साथ भयमुक्त वातावरण निर्माण करता है साथ ही शिक्षा एवं सर्वागीण विकास के लिए विविध माहौल बनाता है जिससे एक छात्र देश का श्रेष्ठ नागरिक बनकर निकले। साथ ही थोड़ा सहयोग मैं भी कर सकता हूँ प्रधानपाठक द्वारा विद्यालय विकास के लिए चलाया जा रहा सामुदायिक सहभागिता के लिए पालको से अपील किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती फगुनिया बाई ने सभी बच्चों को अच्छे से पढ़ने एवं रोज विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।

## जमीन विवाद के कारण शुरु नहीं हो पा रहे नए भवन के काम

# शासकीय भवन निर्माण के पहले लेना होगा राजस्व विभाग से नक्शे व खसरे की नकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अब किसी भी शासकीय भवन के निर्माण के पूर्व राजस्व विभाग से जमीन के खसरे और नक्शे की नकल लेना अनिवार्य किया गया है। जमीन विवादों की वजह से शासकीय भवनों के निर्माण में आ रही आपत्तियों के कारण उक्त व्यवस्था लागू की गई है। वर्तमान में आंगनबाड़ी भवन एवं गोधाम निर्माण के दौरान जमीन विवाद के मामले न्यायालय तक पहुंच गए हैं। जिसकी वजह से निर्माण कार्य भी रुका हुआ है।

**खास बात**

- आँगनबाड़ी केन्द्र सहित गोधामों के निर्माण के समय आयी थी आपत्तियां

जिले के ग्रामीण अंचलों में में इस समय खनिज न्यास मद से आंगनबाड़ी भवन, पीडीएस भवन, गोधाम निर्माण के दौरान जमीन विवाद के मामले सामने आने के कारण उक्त भवन के निर्माण कार्य रोक दिया गया है। विशेषकर ग्रामीण अंचलों में चारागाह या राजस्व विभाग की जमीन पर निर्माण के लिए पंचायत के द्वारा प्रस्ताव दिया जाता है। किन्तु जैसे ही निर्माण एजेंसियां लेआउट के अनुसार निर्माण कार्य शुरू करने पहुंचती हैं तो कुछ ग्रामीणों के द्वारा जमीन पर दावा कर आपत्तियां लगा दी जाती हैं और न्यायालय में मामला दर्ज करा दिया जाता है। जिसकी वजह से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाते और उक्त कार्य के लिए स्वीकृति राशि निर्माण एजेंसियों के खातें में पड़ी रहती है जिसका उपयोग नहीं हो पाता। वहीं दूसरी ओर शासकीय भवनों की सुविधाओं से ग्रामीण वंचित हो जाते हैं। स्थिति यह रहती है पिछले वर्ष के स्वीकृत हुए कार्य महज जमीन विवाद की वजह से आज तक शुरू नहीं हो सके हैं। ऐसे विवादित मामलों की जानकारी भी तैयारी की जा रही है। ताकि जमीन विवाद का निपटारा कर इन कार्यों को शुरू कराया जा सके।



फाइल फोटो

### कहीं वन भूमि तो कहीं चारागाह की जमीन

निर्माण कार्य के दौरान ग्रामीण जब अपनी आपत्ति दर्ज कराते हैं तो कहीं निजी भूमि बता दिया जाता है तो कहीं वन भूमि। कहीं पंचायत के द्वारा चारागाह के लिए प्रस्तावित जमीन बता दी जाती है। इन तीनों प्रकार की जमीनों का मामला सामने आने के बाद निर्माण कार्य ठप हो जाता है। वन भूमि में अधिकार पत्र दिए जाने से इस तरह के मामले और ज्यादा बढ़े हैं। जिनका निपटारा पंचायत स्तर पर नहीं हो पा रहा है।

### एसडीएम न्यायालय में गोधाम का मामला

राज्य सरकार के द्वारा जिले में 3 गोठानों को गोधाम बनाए जाने की स्वीकृति दी थी। पशु चिकित्सा विभाग ने इसकी प्रक्रिया शुरू करते हुए स्वयं सेवी संस्थाओं से आवेदन मंगाये और मापदंडों पर खरा उतरने वाली संस्थाओं को गोठानों को जैसे ही हैंडओवर करने की प्रक्रिया शुरू की, ग्रामीणों ने आपत्ति शुरू कर दी। 3 गोधामों में महज एक शुरू हुआ है, जबकि 2 गोधाम जमीन विवाद और ग्रामीणों की आपत्ति की वजह से शुरू नहीं हो सके और इनके मामले एसडीएम न्यायालय में चल रहे हैं।

# अनियंत्रित हो पलटा मालवाहक वाहन, चालक गंभीर



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पसान थाना क्षेत्र में घटित एक सड़क हादसे में एक मालवाहक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।

हादसे में वाहन चालक गंभीर घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल चिकित्सालाय पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार अलसुबह लगभग 7:30 बजे एक मालवाहक वाहन ग्राम लैगा के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान सड़क पर अचानक आए एक तीखे मोड़ पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। देखते ही देखते वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। उक्त घटित हादसे में वाहन चालक को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। घायल वाहन चालक को वाहन से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए लैगा चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। वहीं इस मामले को लेकर पसान थाना प्रभारी सीपी खांडे ने बताया कि चालक को मामूली चोट आई थी। मामले की शिकायत थाने में दर्ज नहीं करायी गई है।

# लापता युवती का जंगल में मिला कंकाल, तहकीकात में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग 20 दिलों पूर्व एक 18वर्षीय युवती अपने घर से सर्वमंगला मंदिर जाने के नाम पर निकली थी। जिसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी थी परिजनों द्वारा आसपास क्षेत्र में काफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद परिजनों ने इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की थी। जिसपर पुलिस ने गुम इंसान का मामला पंजीबद्ध किया था और उसकी कई दिनों तक खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। इस बीच युवती का नर कंकाल जंगल में मिला है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है घटना स्थल से पुलिस को एक जहर शीशी भी मिली है। जिससे संभावना जताई जा रही है कि युवती ने संभवतः जहर खाकर आत्महत्या की है फिलहाल पुलिस मामले की तहकीकात शुरु कर दी है। जांच के बाद मामले से पर्दा उठ सकेगा।

**खास बातें**

- घटनास्थल पर जहर की मिली है शीशी
- बालको थाना क्षेत्र के सरायपाली सुखाडीह जंगल का मामला



युवती का कंकाल।

जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत भैरवताल निवासी हरिराम धनवार की 18 वर्षीय पुत्री सपना धनवार 7 जून को अपने घर से सर्वमंगला मंदिर जाने के नाम पर निकली थी। जिसके बाद वह घर नहीं लौटी थी परिजनों द्वारा आसपास क्षेत्र में उसकी खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला तो 10 जून को परिजनों ने इस मामले के लिखित शिकायत कुसमुंडा थाने में दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस ने गुम इंसान का मामला दर्ज किया था। बताया जाता है कि इस बीच 15 जून को सपना धनवार अपनी बड़ी मां के घर बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरायपाली पहुंची थी इस बीच वह अपने उसे पैतृक घर का दरवाजा खोलने की कोशिश कर रही थी इस बीच उसकी बड़ी मां ने पहले अपने परिजनों से बात कर ताला खोलने की बात बोलकर उसे फटकार लगाई थी। जिसके बाद सपना धनवार वहां से भी चली गई थी। इस बीच रविवार की देर शाम ग्रामीणों की नजर सरायपाली सुखाडीह के जंगल में एक नर कंकाल पर पड़ी तो नर कंकाल मिलने की सूचना पर बालको थाना प्रभारी युवराज तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे जहां उसके शिनाख्ती लापता सपना धनवार के रूप में की है। बालको थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि पुलिस ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है। घटना स्थल पर जहर की शीशी बरामद की गई है। संभवतः युवती ने जहर खाकर आत्महत्या की है। हालांकि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।पुलिस विभिन्न एंगलों से मामले की जांच कर रही है।

### साफ सफाई के अभाव में सड़कों में बह रहा नाली का गंदा पानी

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा में स्वच्छता व्यवस्था बदहाल होती नजर आ रही है। गांव के दाऊ मोहल्ला, छिपियापारा, बराईपारा, बनियापारा, माराrपारा, पूर्व सरपंच मोहल्ला, कहरापारा और कोस्टापारा सहित कई बस्तियों में नालियों का गंदा पानी लगातार सड़कों पर बह रहा है। नियमित सफाई नहीं होने के कारण नालियों और सड़कों पर काई जम गई है, जिससे राहगीरों और बाइक चालकों के फिसलकर गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सफाई व्यवस्था की अनदेखी की जा रही है। नालियों की समय पर सफाई नहीं होने से गंदगी और दुर्गंध का वातावरण बना हुआ है, वहीं बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। गंदे पानी के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि इस समस्या की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दे रहे हैं। उनका कहना है कि पंचायत प्रतिनिधियों का दायित्व गांव के विकास एवं स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना है, लेकिन इस दिशा में कोई प्रभावी पहल दिखाई नहीं दे रही है।

# किसानों को पिछले वर्ष के बराबर मिलेगा यूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



खरीफ वर्ष 2026 के दौरान किसानों को उर्वरकों की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने सहकारी क्षेत्र में यूरिया वितरण के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

जारी निर्देशों के अनुसार खरीफ 2026 में प्रत्येक पात्र किसान को खरीफ 2025 में प्राप्त यूरिया उर्वरक के बराबर मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराया जाएगा। पूर्व में जारी निर्देशों में यूरिया वितरण से संबंधित कुछ प्रावधानों को वर्तमान उपलब्धता की स्थिति को देखते हुए निरस्त कर नई व्यवस्था लागू की गई है। निर्देशों के अनुसार किसानों को यूरिया का वितरण एकमुश्त अथवा संबंधित सहकारी समिति में उपलब्ध स्टॉक के आधार पर किया जाएगा। यदि किसी समिति में तत्काल पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध नहीं है, तो किसान की पात्रता के अनुसार शेष मात्रा बाद में स्टॉक उपलब्ध होने पर प्रदान की जाएगी। राज्य शासन से दिशा निर्देश जारी होने के पश्चात कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कृषि विभाग के अधिकारियों, सहकारी संस्थाओं एवं संबंधित एजेंसियों को इन संशोधित दिशा-निर्देशों का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि खरीफ सीजन में किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध हो सके और कृषि कार्य प्रभावित न हो।

### नवविवाहित ने जहर खाकर की खुदखुशी

**कोरबा।** एक 19 वर्षीय युवती की 6 माह पहले सामाजिक रीति रिवाज के साथ शादी हुई थी। ना जाने ऐसा क्या हुआ कि नवविवाहिता ने घर में रखे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को पता चला, जिसके बाद परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान नवविवाहिता की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर मामले की शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरु कर दी है।

जाँजगीर मार्केट
फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

TOP IN JANJGIR

N.S.D.C National Skill Development Corporation
APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
Leda's
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो . 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश
अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध

ADMISSIONS OPEN
Balvatika PLAY SCHOOL
SAFE & NURTURING ENVIRONMENT
PLAYGROUP TO CLASS 8TH
PLAYGROUP | NURSERY | JUNIOR KG | SENIOR KG | CLASS 1st to CLASS 8th
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing 15 Years Experience

EDUCATION HUB
एक सफल भविष्य की शुरुआत
ADMISSION OPEN ENROLL NOW
CG & CBSE BOARD
Hindi & English Medium
CLASSES 1st to 8th ALL SUBJECT
SPECIAL CLASS 9th to 12th
PHYSICS | CHEMISTRY | MATHSBIOLOGY | COMMERCE
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing 15 Years Experience

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### बोरदा में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन मुख्य मार्ग से नाला तक बनेगी सड़क



**खरौद।** ग्राम पंचायत बोरदा में रविवार को 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। सड़क का निर्माण मुख्य मार्ग से रोहित के घर होते हुए नाला तक किया जाएगा। सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात के दिनों में कीचड़ व जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा शिवरीनारायण मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला और भाजपा जिला मंत्री रमेश मोदी ललीत कश्यप ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। भूमिपूजन समारोह में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ललित कश्यप, मीडिया प्रभारी मेलाराम कश्यप, सह मीडिया प्रभारी खगेन्द्र साहू, भाजपा मंडल महामंत्री दिलेश्वर साहू, कन्हैया केवट, ग्राम पंचायत बोरदा की सरपंच यशोदा कीर्तन, सरपंच प्रतिनिधि कमलेश यादव, उपसरपंच वीरेंद्र चौहान सहित पंचायत प्रतिनिधि, पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### नेपाल-भारत पर्यटन को बढ़ावा देने मिली नई दिशा, काठमांडू में हुई बैठक



**चांपा।** नेपाल-भारत के बीच पर्यटन, धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत एवं जनसंपर्क को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला होटल व्यवसायी संघ, काठमांडू के विशेष निमंत्रण पर एयरपोर्ट क्षेत्र स्थित रॉयल बुटीक होटल में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में इंडो नेपाल टूरिज्म वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक एवं वरिष्ठ भारतीय पत्रकार डॉ. जतिन्दरपाल सिंह तथा पंकज रंजीत सहित नेपाल के होटल एवं पर्यटन क्षेत्र के प्रमुख व्यवसायियों ने भाग लिया। बैठक में दोनों देशों के बीच पर्यटन सहयोग को मजबूत बनाने, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने तथा नेपाल के पर्यटन स्थलों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विस्तृत चर्चा हुई। जिला होटल व्यवसायी संघ, काठमांडू के अध्यक्ष सुरेश बराल ने कहा कि भारतीय पर्यटकों को गुणवत्तापूर्ण होटल, सुरक्षित आवास, स्वादिष्ट भोजन और बेहतर यात्रा सुविधाएं उपलब्ध कराना होटल उद्योग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डॉ. जतिन्दरपाल सिंह एवं पंकज रंजीत ने पूर्वी नेपाल के इलाम, भेडेटार, श्रीअन्तु और रामधुनी जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि नेपाल कम दूरी में पर्वत, हरियाली, झीलें, धार्मिक स्थल और सांस्कृतिक विरासत का अनूठा अनुभव प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि पशुपतिनाथ, स्वयम्भूनाथ और बौद्धनाथ जैसे धार्मिक स्थलों के प्रति भारतीय श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है तथा धार्मिक पर्यटन दोनों देशों के संबंधों को और सुदृढ़ करेगा। बैठक में होटल व्यवसायी महासंघ नेपाल के प्रशासन उपाध्यक्ष ज्ञानु गजमेर, बागमती प्रदेश अध्यक्ष दामोदर नेपाल, सचिवालय सदस्य सञ्जीव श्रेष्ठ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रज्वल श्रेष्ठ, सचिव अनिश बनियाँ, खेम उप्रेती, सरोज आले मगर तथा पर्वतारोही एवं प्रकृति संरक्षण विशेषज्ञ पी. के. शेर्पा सहित होटल एवं पर्यटन व्यवसायी उपस्थित रहे।

### नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत, पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरित



**सक्ती।** विकास खंड के अंतर्गत आने वाले शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नन्दौरकला में 27 जून को शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा- छठवी के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर , मिष्ठान एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, गणवेश वितरण किया गया। साथ ही शैक्षणिक सामग्री, टाई, बैल्ट, आईडीकार्ड भी वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। इस सत्र से सभी बच्चो को शाला स्टाफ को द्वारा निःशुल्क हाउस ड्रेस भी वितरण किया गया है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच निर्मला बाई कुर्रे , सरपंच प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुर्रे , लाल घृतलहरे, मदन मोहन जायसवाल, संजीव कुमार सूर्यवंशी, पितरबाई सिदार, यशवंत राठौर, रश्मि बनाफर, अंजना देवांगन, नीतू चौहान, सविता कुर्रे, संतोष कुर्रे, राजेश्वर कुर्रे सहित शाला विकास समिति के सदस्य, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, पालक शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे।

## निधन

### श्रीमती कौशल्या देवी

**मालखरौदा।** ग्राम बीरभाठा के प्रतिष्ठित नागरिक युधिष्ठिर यादव (दादू) की धर्मपत्नी कौशल्या देवी का शनिवार 27 जून को आकस्मिक निधन हो गया। वे 43 वर्ष की थी। वे अपने पीछे एक पुत्री नेहा तथा दो पुत्र नीतीश और आकाश सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओं समेत ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुखाग्नि बड़े पुत्र नीतीश यादव ने दी।

गांव का माहौल हो रहा था खराब, महिलाओं और बेटियों का घर से निकलना हो गया था दूभर

# नशे के खिलाफ महिलाओं का हल्लाबोल शाम ढलते ही गांव में लगाती हैं गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

गांव में लगातार बढ़ रहे नशे के ग्राफ और खुले में शराब पीने की प्रवृत्ति से तंग आकर अब ग्राम पंचायत के पंच सरपंच एवं महिलाओं ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। पंचायत की अगुवाई में बिहान समूह तथा गांव की साहसी महिलाओं ने एकजुट होकर एक अनोखी मुहिम की शुरुआत की है। अब हर रोज शाम ढलते ही ये हाथों में लाठी, डंडे और टॉर्च लेकर सड़कों, गलियों और सुनसान चौराहों पर गश्त (पेट्रोलिंग) करने निकल पड़ती हैं, ताकि खुले में नशा करने वाले असामाजिक तत्वों को खदेड़ा जा सके। शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक गश्त करती है।

ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि अंधेरा होते ही गांव के कुछ सुनसान रास्तों, पंचायत परिसर के पीछे नहर पार और चौराहों पर नशेडियों का जमावड़ा लग जाता है। इससे न सिर्फ गांव का माहौल खराब हो रहा था, बल्कि महिलाओं और बेटियों का शाम के समय घर से निकलना भी दूभर हो गया था। बार-बार शिकायत के बाद भी जब स्थिति नहीं सुधरी, तो बिहान समूह की महिलाओं ने पंचायत के सहयोग से खुद 'लाठी ब्रिगेड' बनाकर इस समस्या से निपटने का फैसला किया है। गश्त से नशा करने वालों में खौफ देखा जा रहा है। रोजाना शाम को टोलियां बनाकर निकलने वाली ये महिलाएं टॉर्च की रोशनी में हर उस कोने की तलाशी लेती हैं जहां नशा करने की आशंका होती है। महिलाओं के इस संगठित रूप को देखकर नशा करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। महिलाओं का साफ कहना है कि उनका मकसद किसी के साथ मारपीट करना नहीं, बल्कि अपने गांव और परिवार को बर्बादी से बचाना है। पहली बार पकड़े जाने पर नशा करने वालों को सख्त चेतावनी देकर छोड़ा जा रहा है।



नशे के खिलाफ गांव में गश्त करती महिलाएं।

एफएलसीआरपी रुक्मणी डेंसिल का कहना है कि हम अपने घर और गांव का माहौल और खराब नहीं होने दे सकतीं। नशे के कारण कई परिवार तबाह हो रहे हैं और हमारी बेटियां असुरक्षित महसूस करती हैं। जब तक यह पूरी तरह बंद नहीं होगा, हमारी यह गश्त हर रोज शाम को जारी रहेगी। वार्ड नंबर 14 के पंच राम अवतार साहू का कहना है कि पुलिस एवं आबकारी विभाग भी इस मुहिम में महिलाओं का साथ दे रहा है और अवैध शराब व नशे के सौदागरों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। ग्राम पंचायत सोंठी सरपंच राखी यादव का कहना है कि पंचायत एवं महिला समूह की कड़ाई का असर अब गांव में साफ देखने को मिल रहा है। उपसरपंच मुकेश डेंसिल ने बताया कि शाम के समय चौराहों पर लगने वाले असामाजिक तत्वों के डेरे अब गायब होने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि महिलाओं की इस हिम्मत ने पूरे गांव को एक नई दिशा दिखाई है और अब पुरुष वर्ग भी इस मुहिम के समर्थन में आगे आ रहा है। इस अभियान में मुख्य रूप से जनपद सदस्य मोगरा बाई डेंसिल, मुन्नी मुकेश्वरी, आरती मानिक, सावित्री देवांगन, अहिल्या देवांगन छतरी डेंसिल, रामशिला श्रीवास सपना देवांगन नंदनी पटेल रश्मि सतनामी, गणपत टंडन , सक्रिय महिला चंदा कुर्रे नीलम कमल, मेम बाई शांडिल्य, महेतरीन बाई,झुल बाई, नंद कुमारी शिव कुमारी, राजकुमारी सहित बड़ी संख्या में वार्ड और गांव की महिलाएं सक्रिय रूप से शामिल हैं।



कीचड़ में तब्दील मार्ग।

## हरेठीकला की सड़क कीचड़ से सराबोर, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

ग्राम हरेठीकला की मुख्य मार्ग बदहाल हो गया है। यहां सड़क पर बारहों महीने कीचड़ और जलभराव की समस्या बनी रहती है, जिससे आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि सक्ती जिला के जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम हरेठी कला के ग्रामीणों के अनुसार बारिश के मौसम में सड़क की स्थिति और अधिक खराब हो जाती है, लेकिन गर्मी और सर्दी के दिनों में भी सड़क पर कीचड़ और गड्ढे बने रहते हैं। गांव के छात्र-छात्राओं, किसानों, महिलाओं तथा बुजुर्गों को प्रतिदिन इसी मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार दोपहिया वाहन चालक फिसलकर दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं। । मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति के कारण ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि हरेठी कला की मुख्य सड़क का शीघ्र निर्माण एवं मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को कीचड़ और जलभराव की समस्या से राहत मिल सके तथा आवागमन सुगम हो सके। इस सड़क का निर्माण पूर्व सरपंच के द्वारा कराया गया है। वर्तमान सरपंच और सचिव के द्वारा उसी सड़क में मिट्टी डालने की वजह से कीचड़ ही कीचड़ नजर आ रही है क्योंकि मुख्य मार्ग से ही ग्रामीणों का पानी निकासी होता है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

- छात्र-छात्राओं, किसानों, महिलाओं तथा बुजुर्गों को प्रतिदिन इसी मार्ग से होता है आना जाना

## चोरिया के साप्ताहिक बाजार में ग्रामीणों एवं व्यवसायियों को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव

जिले में नए आपराधिक कानूनों और नशा मुक्ति को लेकर पुलिस का जनजागरूकता अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम चोरिया के साप्ताहिक बाजार में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, व्यापारियों और आम नागरिकों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) सहित नए आपराधिक कानूनों की जानकारी सरल भाषा में दी गई।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि नए आपराधिक कानून न्याय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से लागू किए गए हैं। नागरिकों से कानूनों का पालन करने तथा किसी भी आपराधिक गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील भी की गई। कार्यक्रम के दौरान नशा



मुक्ति अभियान के तहत युवाओं और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद और अन्य सकारात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, व्यापारी, ग्रामीण तथा पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस ने बताया कि आमजन को कानूनों के प्रति जागरूक करने और नशा मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से ऐसे अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे।

## नशा परिवार, समाज एवं आने वाली पीढ़ी को करता है प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डभरा

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर जयदीप गर्ग के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति डभरा के मार्गदर्शन से पैरालीगल वालेंटियर

- धुरकोट में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

श्रीमती लक्ष्मी डनसेना द्वारा रविवार 28 जून को मंगलदीप क्लस्टर, धुरकोट में एक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मंगलदीप क्लस्टर की अध्यक्ष श्रीमती गणेशी चंद्रा, कोषाध्यक्ष, सचिव तथा अन्य कैडर सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।शिविर के दौरान पीएलवी श्रीमती लक्ष्मी डनसेना द्वारा उपस्थितजनों को नशा मुक्ति के संबंध में जागरूक करते हुए बताया गया कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार, समाज एवं आने वाली पीढ़ियों को भी प्रभावित करता है। वर्तमान समय में नशा एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक जीवन पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसके अतिरिक्त उपस्थितजनों को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के गठन एवं उद्देश्यों, निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की पात्रता, तथा समाज के कमजोर एवं आर्थिक रूप से वंचित वर्गों को न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करने हेतु उपलब्ध कानूनी सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर में 21,22,23 अगस्त को होने वाली विशेष लोक- अदालत, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, साइबर अपराधों से बचाव एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षा के उपाय, लोक अदालत एवं विशेष लोक अदालत के लाभ, तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। शिविर के अंत में उपस्थित सभी लोगों से नशामुक्त, जागरूक एवं कानून का सम्मान करने वाला समाज बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया गया तथा किसी भी कानूनी समस्या की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं पैरालीगल वालेंटियर से संपर्क कर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया।




जागरुकता शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी देते पीएलवी।

## सहकारिता किसानों एवं ग्रामीणों की आर्थिक उन्नति का सशक्त माध्यम :केडिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक मनाए जा रहे सहकारी सप्ताह के प्रथम दिवस पर सेवा सहकारी समिति मर्यादित अकलतरा (पं.क. 1034)

- केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के 5 वर्ष पूर्ण होने पर सहकारी सप्ताह का शुभारंभ, अकलतरा समिति में फहराया गया सहकारिता ध्वज

परिसर में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सहकारिता ध्वज के आरोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित सदस्यों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से सहकारिता गीत का गायन किया गया तथा समिति के उपविधियों का वाचन कर सहकारिता के सिद्धांतों एवं उद्देश्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष नरेश केडिया ने कहा कि सहकारिता केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि किसानों एवं ग्रामीणों की आर्थिक उन्नति का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं की पारदर्शिता, जनभागीदारी एवं सेवा भावना को और अधिक मजबूत बनाते हुए किसानों को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। सहकारी सप्ताह के आयोजन का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाना तथा सहकारिता के मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।इस अवसर पर सुखदेव प्रसाद कुर्रे, कार्तिक राम मार्बल, फिरंगी लाल, महेत्तर रात्रे, रामायण प्रसाद, शशी मिरी, चरणलाल ओग्रे, रामकिशुन, विकास बंजारे, इन्द्रजीत बंजारे, रामखिलावन केवट, मोहर्रम खान, शशी कपूर भार्गव, छठेराम मिरी, दुर्गा रात्रे, राजेश केवट, बद्रीप्रसाद देवांगन, रामभरोसे केवट, रामलखन ओग्रे, उतरेखा बाई, राजेश टंडन, रमेश मार्बल, पुसराम रात्रे, दीपक दास, लखनलाल, झाड़ूराम भोई, अभिजीत बंजारे, दुकालु केवट, सुंदरलाल जोगी, छोटेलाल ओग्रे, सुरेश कुर्रे सहित बड़ी संख्या में किसान, समिति के सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं किसान।

## सहकारिता विभाग के पांच वर्ष पूरे होने पर सहकारी मंत्री से की सौजन्य मुलाकात



**जांजगीर-चांपा।** सहकारिता विभाग के 5 वर्ष पूर्ण होने के अवसर में सोमवार 29 जून को भाजपा कार्यालय रायपुर में सहकारिता मंत्री एवं वन जलवायु मंत्री केदार कश्यप को भाजपा पदाधिकारियों ने बुके एवं साल भेंट कर सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर घासीराम कश्यप, किशोर कश्यप, राजकुमार साहू, दिनेश कुमार कश्यप, रमेश केवट, भागवत कश्यप, रामलाल पटेल उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

# शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पिलाई गई पोलियो दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बम्हनीडीह

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह में पोलियो दिवस पर बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की गई । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों के साथ पहुंचे । अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के साथ चॉकलेट भी वितरित की।

नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश डडसेना ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए हर परिवार का सहयोग आवश्यक है। सीएचसी बम्हनीडीह के बीएमओ अजम्बर सिंह सिसोदिया ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान का उद्देश्य पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक उपलब्ध कराना है ताकि कोई भी बच्चा इस बीमारी के खतरे में न रहे । उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर पहुंचकर भी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएगी और सभी पालकों से सहयोग की अपील की। अभियान की शुरुआत नगर पंचायत बम्हनीडीह के वार्ड नं 3 के निवासी रितेश तिवारी की नन्ही बेटी अदीत्री तिवारी को पहली पोलियो खुराक पिलाकर की गई । इसके बाद स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई । बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए उन्हें चॉकलेट भी वितरित की गई। अभिभावकों ने भी अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की।



बच्चों को पोलियो की दवा पिलाते जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

### बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

**शिवरीनारायण।** पल्स पोलियो अभियान के तहत धार्मिक एवं पर्यटन नगरी शिवरीनारायण के विभिन्न वार्डों एवं सार्वजनिक स्थानों पर में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इसी क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 05 की कार्यकर्ता कुमारी तुलसी सोनी एवं वार्ड क्रमांक 06 की मितानिन सीता देवी कुंभकार द्वारा सब्जी बाजार, शिवरीनारायण में विशेष पोलियो शिविर लगाया गया। शिविर में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। तुलसी सोनी एवंसीता देवी कुंभकार ने बताया कि उनका प्रयास है कि अधिक से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाए।



### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। 18 वर्ष से कम आयु के है वे बच्चे जिन्होंने जीवन को जोखिम में डालते हुए निस्वार्थ सेवा और उत्कृष्ट योगदान दिया है वे नामांकन के लिए पात्र हैं।

